



# दैनिक भारतीय बस्ती





भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 344 सोमवार 14 जुलाई 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती जिले में लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा–लालगंज मार्ग पर एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंबेडकरनगर जिले के बेवाना थाना क्षेत्र के हसनपुर जलालपुर गांव निवासी अली अहमद के रूप में हुई है। रविवार को अली अहमद मोटरसाइकिल से रौतापार गांव में एक शादी समारोह में जा रहा था। मरवटिया मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में अली अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा उसका साथी मोहम्मद कोहिनूर बाल–बाल बच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गया। सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ लालगंज शशांक शेखर राय ने बताया कि ट्रेलर और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बनने लगी बड़े वन की जर्जर सड़क



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने एनएच–27 और एनएच–28 का एनएचएआई के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सुभाष यदुवंश ने बताया कि एनएचएआई के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। उनको निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द कार्य को पूरा करा लिया जाए। सीसी सड़क का निर्माण हो जाने से जलभराव की समस्या समाप्त हो जाएगी। बस्ती से सिद्धार्थनगर जाने वालों के साथ–साथ बड़ेबन, मड़वानगर, मूड़घाट, डमरूवा, कटरा आदि के निवासियों को राहत मिलेगी। इस दौरान रामशंकर यादव, संतोष यादव, विनय यादव, रमेश चौधरी, सर्वेश यादव आदि मौजूद रहे।

### उपज का शपथ ग्रहण 27 को

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) की जनपद बस्ती इकाई की कार्यकारिणी बैठक रविवार को प्रेस क्लब सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये वरिष्ठ पत्रकार एवं उपज के प्रदेश सचिव जयंत कुमार मिश्र ने कहा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जनपद इकाई का गठन हो चुका है।

बैठक में सर्वसम्मति से 27 जुलाई को पदाधिकारियों को शपथ दिलाने का कार्यक्रम तय हुआ है। इसमें पुलिस कप्तान को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की सहमति बनी है। प्रेस क्लब सभागार में प्रस्तावित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार, उपज की जनपद इकाई के पदाधिकारी व सदस्य तथा अन्य विशिष्ट जन मौजूद रहेंगे। जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा शपथ ग्रहण के उपरान्त पत्रकार हितों के लिये चरणबद्ध संघर्ष किया जायेगा। शासन की योजनाओं का पत्रकारों को लाभ दिलाने, पत्रकारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, वरिष्ठ पत्रकारों के लिये पेंशन, आवास की मागें प्रमुखता से शासन तक पहुचेंगी और प्रयासों को नतीजों तक पहुंचाया जायेगा। बैठक में संजय विश्वकर्मा, धनंजय श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, देवेन्द्र पाण्डेय, नवनिधि पाण्डेय, मनोज कुमार यादव आदि ने भी अपने विचार रखे। अनिल कुमार श्रीवास्तव, जेपी उपाध्याय, लवकुश सिंह, अनिल कुमार भेलखा, संदीप यादव, आशुतोष नारायण मिश्र, राधेकृष्ण द्विवेदी, सुनील कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।

# सहारा सम्पत्तियों को चोरी से बेचने वाले 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आभा)।** ईडी ने रविवार को कहा कि उसने सहारा समूह और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सहारा समूह के चेयरमैन की मुख्य प्रबंधन टीम के एक कार्यकारी निदेशक और समूह के एक लंबे समय से सहयोगी सह संपत्ति ब्रोकर शामिल हैं। आरोपियों की पहचान वैलापरम्पिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा के रूप में हुई है।





केंद्रीय एजेंसी ने बयान में कहा कि अब्राहम ने सहारा समूह की संपत्तियों की बिक्री के समन्वय और उसे सुगम बनाने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई, जिनमें से कई में 'बेहिसाब' नकदी शामिल थी, जिसका कथित तौर पर गबन कर लिया गया था। जांच एजेंसी ने बताया कि वर्मा इनमें से कई संपत्ति लेनदेन को अंजाम देने में 'सक्रिय रूप से शामिल' था और उसने जानबूझकर इन बिक्री लेनदेन से प्राप्त बड़ी 'नकदी' आय को ठिकाने लगाने में मदद की, जिससे 'अपराध की कमाई' को छिपाने और नष्ट करने में मदद मिली।

ईडी ने कहा कि हाल ही में इस मामले में की गई तलाशी के दौरान उसे 'अपराध सिद्ध करने वाले' सबूत मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि सहारा समूह की संपत्तियों को एक–एक करके 'गुप्त' तरीके से बेचा जा रहा था। ईडी ने आरोप लगाया कि अब्राहम और वर्मा ने ऐसी संपत्तियों को बेचने और सहारा समूह के प्रवर्तकों को धन की हेराफेरी में मदद करने में 'मुख्य भूमिका' निभाई।एजेंसी ने दावा किया कि प्रवर्तक भारत से बाहर रहते हुए इस तरह के कदाचार में संलिप्त पाए गए। ईडी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों को शनिवार को कोलकाता की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उन्हें 14 जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला विभिन्न राज्य पुलिस विभागों द्वारा दर्ज 500 से अधिक मुकदमों से निकला है।

## डा. वी.के. वर्मा बने स्काउट गाइड के आजीवन सदस्य

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। आयुष चिकित्साधिकारी एवं समाजसेवी डा. वीके वर्मा भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के आजीवन सदस्य बने, बताते चलें कि जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बस्ती कुलदीप सिंह की प्रेरणा से डा. वीके वर्मा ने भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है।

डा. वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड संस्था समाज सेवा और देश हित के लिए सदैव प्रयासरत रहती है इस संस्था से जुड़कर मुझे कुछ और बेहतर करने का अवसर प्राप्त होगा। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बस्ती मण्डल संदीप कुमार ने कहा कि जिला सचिव कुलदीप सिंह द्वारा जनपद बस्ती ही नही मण्डल बस्ती में सर्वाधिक लोगों को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश से आजीवन सदस्य के रूप में जोड़ने का कार्य सराहनीय है। डा. वी. के. वर्मा के आजीवन सदस्य बनने पर एडल्ट रिसोर्स आयुक्त स्काउट डॉ हरेन्द्र



प्रताप सिंह, एडल्ट रिसोर्स गाइड डॉ सुरभि सिंह, स्काउट कमिश्नर हरिराम बंसल, गाइड कमिश्नर संधिला चौधरी, कोषाध्यक्ष विद्याधर वर्मा, जिला सचिव डॉ कुलदीप सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सत्या पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट स्काउट भूपेश कुमार सिंह, जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रताप शंकर पांडेय, जिला संगठन आयुक्त गाइड संगीता प्रजापति, आजीवन सदस्य आशीष श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, जेपी श्रीवास्तव, ट्रेंनिग काउन्सलर आदर्श मिश्रा, विजय कश्यप, प्रमोद कुमार, नन्दिनी, मुस्कान, खुशबू, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## दूर होगा खाद का संकट: 70 सहकारी समितियों पर पहुंची यूरिया



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । यूरिया खाद की किल्लत दूर करने के लिए जिले की 70 साधन सहकारी समितियों पर यूरिया खाद पहुंच गई है। दो दिनों में 21 सौ एमटी यूरिया खाद पहुंची। जिसका वितरण शुरू हो गया है। यह जानकारी एआर कोआपरेटिव आशीष श्रीवास्तव ने दिया। एआर कोआपरेटिव ने बताया कि पैड़ा गोदाम से सात सौ एमटी यूरिया खाद 30 समितियों पर भेजी गई, जबकि यूरिया रेलवे स्टेशन पर लगी रैक से 14 सौ एमटी यूरिया खाद 40 सहकारी समितियों पर भेजया गया है। रविवार और सोमवार को जिले के 70 सहकारी समितियों से यूरिया खाद का वितरण होगा, जो किसानों के लिए राहत का काम करेगा।

एआर ने बताया कि जहां पर यूरिया की मांग है, वहां पर खाद को समय से उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संतकबीरनगर स्टेशन पर डीएपी की रैक लगी है। जहां से जिले को तीन सौ एमटी फास्फेटिक खाद मिली है। इसमें 180 एमटी डीएपी और 120 एमटी एनपीएस खाद है। यहां से खाद को जहां पर डिमांड की गई थी, वहां पर सीधे वाहनों से भेज दिया गया।

## चिकित्सा शिविर में मरीजों का उपचार, 27 ने किया रक्तदान



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रविवार को किशोरी फाउंडेशन द्वारा माँ गायत्री इंटर कॉलेज, कप्तानगंज में अपोलो हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। कार्यक्रम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष देवांशु गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की "रक्तदान ही महादान है।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद के साथ–साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं में हर्ष कसौधन गोपाल , अर्पित, उत्कर्ष, शशांक, अमित, सर्वेश, रतनेश, राकेश, ध्रुव, अजीत, श्याम, रजत, शुभम एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## सावन के महीने में पूजा, योग, व्रत से दूर होते हैं रोग



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। प्राचीन काल से ही सावन के महीने में शिव की आराधना, पूजा, व्रत, उपवास, यज्ञ और योग आदि प्रचलित है। इसका मुख्य कारण है कि हमारे पूर्वज ऋषि मुनि पूर्ण वैज्ञानिक विचारधारा का अनुपालन करते थे। सावन के महीने में विभिन्न प्रकार के रोगों की उत्पत्ति होती है जिसके शमन के लिए उन्होंने शिव आराधना, पूजा, यज्ञ, योग, व्रत और उपवास आदि से जुड़े रहने का पावन संदेश दिया जिसका अनुसरण करके आज तक लोग मन को शुद्ध बुद्ध बनाकर बीमारियों से बच रहे हैं। इसी कड़ी में आर्य समाज नई बाजार बस्ती में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में यज्ञ कराते हुए योग शिक्षक गरुण ध्वज पाण्डेय ने कहा कि सावन के महीने में दैनिक अग्निहोत्र और योग करके बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने साधकों को यज्ञ और संध्योपासना का महत्व बताते हुए कहा कि संध्या हमारी जीवन पद्धति है। इसका अनुष्ठान कर हम सकारत्मक और लोककल्याणकारक जीवन जीते हुए मोक्ष तक पहुंच सकते हैं। इस अवसर नवल किशोर चौधरी कोषाध्यक्ष भारत स्वाभिमान ट्रस्ट यूनिट बस्ती द्वारा सामूहिक ईश्वर भजन कराया गया। श्रीमती नीलम मिश्रा ने चाणक्य नीति और नीतीश कुमार ने संगठन सूक्त का पाठ किया। इस अवसर उपस्थित लोगों ने व्रत उपवास आदि को समझते हुए उन्हें जीवन में अपनाने का व्रत लिया। ओम प्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने बताया कि दिनांक 9अगस्त रक्षाबंधन से 16अगस्त जन्माष्टमी तक श्रावणी उपाकर्म एवं वेद प्रचार सप्ताह मनाया जाएगा जिसके अन्तर्गत आस पास के क्षेत्र में यज्ञ, भजन, प्रवचन और उपदेश के कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव श्याम, महिमा आर्य, रिमझिम, राजेश्वरी, विश्वनाथ, गणेश, अरविंद साहू, शेखर, श्रेयांश, पुनीत राज, परी, दृष्टि मोदनवाल, शताक्षी मिश्रा, अश्कृता मिश्रा, रजनीश चौधरी, वंश मोदनवाल, धर्मेंद्र कुमार,साक्षी कुमारी, कृष्णा गौतम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अवैध बालू खनन से ग्रामीणों में रोष: मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**हर्रैया (बस्ती)।** जनपद के छावनी थानाक्षेत्र के बीडी तटबंध से सटे बेतावा गांव में बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। इस बालू को अयोध्या पंप नहर के कन्हईपुर स्थित सरकारी जमीन में डंप किया जा रहा है। इस बात की ग्रामीणों ने शिकायत मुख्यमंत्री से की है। आदेश चौबे की अगुवाई में आधा दर्जन ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया चार दिनों से बंधे के पास बालू माफिया जेसीबी और डंपरों से बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। गांव में कोई बालू खनन का पट्टा नहीं हुआ है। पत्र में बताया बालू का अवैध खनन कर तीन किलोमीटर दूर सिंचाई विभाग के नहर हेड के पास डंप हो रहा है।



पत्र में कहा गया है कि बालू लदे वाहनों के आवागमन से गांव और बंधे की सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ओवरलोड बालू वाहनों के आवागमन से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। पत्र में बताया बेतावा, खेमराजपुर, नौरंगवा, नरसिंहपुर की आबादी के पास अवैध खनन से बाढ़ में कटान का खतरा बढ़ गया है। पत्र में बताया बीते माह में चौधरी चरण सिंह अयोध्या पंप नहर के हेड से लेकर पांच किमी तक सील्ट की सफाई हुई थी। विभागीय अधिकारी से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बेतावा गांव के कछार से बड़े पैमाने पर बालू निकाल कर उसे नहर के हेड के पास जमा किया जा रहा है। जहां डंप पहाड खड़ा कर दिया हैं। ग्रामीणों ने अवैध बालू खनन की शिकायत खनन निरीक्षक और एसडीएम हर्रैया से कर चुके हैं।

इस संबंध में खनन निरीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि बेतावा में किसी प्रकार का बालू खनन पट्टा नहीं हुआ है। वहीं चौधरी चरण सिंह अयोध्या पंप नहर के सहायक अभियंता ने बताया कि नहर सफाई के उपरांत सील्ट का टेंडर हुआ है। संबंधित फर्म सिल्ट को हटाएगी। बालू खनन के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# कुशीनगर में सड़क हादसा: सिद्धार्थनगर के 4 लोगों की मौत, 2 घायल

**कुशीनगर (आभा) ।** बिहार के देवघर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी लग्जरी कार पटहेरवा क्षेत्र के बगही कुटी के पास फोरलेन पर ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे के सभी मृतक सिद्धार्थनगर के रहने वाले थे। घायल भी सिद्धार्थनगर के ही निवासी हैं।



कुशीनगर के पटहरेवा थाना क्षेत्र के बगहीकुटी के पास एक लग्जरी कार फोरलेन पर ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। कार चालक राजेश शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात 10 बजे वे लोग घर के लिए झारखंड से निकले थे। वह लगातार गाड़ी चला रहा थे। सुबह अचानक ट्रैक्ट्रर ट्राली से कार की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गये। घायलों को आनन–फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी मृतक सिद्धार्थनगर के रहने वाले थे।

कार और ट्रैक्टर–ट्रॉली की इस टक्कर में मारे गए लोगों में मनोज सिंह जनपद सिद्धार्थनगर, सुजीत जायसवाल जनपद सिद्धार्थनगर, रामकरन गुप्ता जनपद सिद्धार्थनगर और कैलाश मणि त्रिपाठी जनपद सिद्धार्थनगर शामिल हैं।

वहीं घायलों में राजेश शर्मा पुत्र कृष्ण शर्मा निवासी पं. दीनदयाल नगर जनपद सिद्धार्थनगर (चालक) और सुशान्त शर्मा पुत्र धीरेन्द्र शर्मा निवासी पं. दीनदयाल नगर जनपद सिद्धार्थनगर शामिल हैं। मौके पर एसडीएम तमकुहीराज और सीओ तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह ने पहुंच कर घटना के बारे में जानकारी हासिल की है।

मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने डॉक्टरों से बातचीत कर घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की बात की है।

घटना की सूचना सिद्धार्थनगर जनपद में पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो–रो कर बुरा हाल है। वे तत्काल कुशीनगर के लिये रवाना हुये। अनेक संगठनों ने इस आकस्मिक दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## फार्मासिस्ट एसोसिएशन के ब्लाक पदाधिकारी घोषित: बैठक में मुद्दों पर चर्चा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । रविवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष गिरजेश सेन की अध्यक्षता में हर्दिया चौराहा स्थित एक सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में फार्मासिस्टों की समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सांगठनिक मजबूती के लिये ब्लाक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसी कड़ी में फारूक अब्दुल्ला को आई.टी. सेल का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया।

यह जानकारी देते हुये एसोसिएशन महासचिव वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि सर्व सम्मत से बहादुरपुर ब्लाक से सूरज चौहान, बनकटी से अब्दुर रशीद, गौर– सन्तोष सोनकर, कुदरहा से रमेश निराला, परशुरामपुर से आत्माराम वर्मा, रामनगर से सुनील चौधरी, रूधौली से अश्विनी, सल्टौआ गोपालपुर से विशालमणि त्रिपाठी, साऊंघाट से अनूप चौरसिया, विक्रमजोत से रवि प्रकाश श्रीवास्तव, दुबौलिया से सत्येन्द्र सेन को ब्लाक स्तरीय अध्यक्ष घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष गिरजेश सेन ने घोषित ब्लाक अध्यक्षों से कहा है कि वे 15 दिन के भीतर अपनी ब्लाक कार्यकारिणी घोषित कर जिला इकाई को अवगत करा दें।



एसोसिएशन के प्रदेश सचिव विजय पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष प्रमेन्द्र गौतम ने फार्मासिस्टों का आवाहन किया कि वे अपनी एकजुटता बनाये रखें। एसोसिएशन उनके हितों के लिये निरन्तर संघर्ष कर रहा है। फार्मासिस्टों की नियुक्ति को लेकर निरन्तर संवाद बनाया जा रहा है।

बैठक में मुख्य रूप से परमात्मा प्रसाद, सिद्धार्थ सिंह, श्याम मोहन चौधरी, धर्मनाथ, अजय चौधरी, विक्रम शर्मा, रामाशीष वर्मा, सतीश वर्मा, सुनील, राकेश, सन्तोष सोनकर, राजकुमार, लवकुश, प्रमोद दूबे के साथ ही अनेक फार्मासिस्ट, एसोसिशन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्मानित किये गये किसान, एकजुटता पर जोर

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। उ.प्र. किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के अध्यक्ष रामभवन शुक्ल का पार्टी के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गैर जनपदों के किसान कांग्रेस पदाधिकारी तथा महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जनपद के 5 किसानों को सम्मानित किया गया। इनमें रामचन्द्र शुक्ल, वीरेन्द्र चौधरी, रामजनक मौर्या, ओमप्रकाश यादव, रामलखन शुक्ल शामिल थे। अध्यक्षता पूर्व विधायक रामजियावन ने की। मुख्य अतिथि जनपद कोआर्डिनेटर आसिफ रिज़्वी ने कहा 2027 में किसानों के कंधों पर सवार होकर कांग्रेस पार्टी सत्ता में वापसी करेगी।

कहा कि मौजूदा सरकार ने न तो एमएसपी तय किया और न ही किसानों की आय दोगुनी हुई। प्रदेश के किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। किसानों को आतंकवादी मानने वाली भाजपा के दिन समाप्त हो रहे हैं, प्रदेश में किसानों, मजदूरों, गरीबों, असहायों और मेहनतकश लोगों की सरकार बनेगी। उन्होने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों से प्रेस क्लब सभागार को खचाखच भरने के लिये सभी को धन्यवाद दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा लोकतांत्रिक परंपराओं में जुल्म और ज्यादती बहुत दिनों तक नही चलती।

पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में राजनीति का एक चरित्र है, जहां संविधान का सम्मान करते हुये लोकतांत्रिक परंपराओं के लिये बलिदान दिया जाता है।





किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के उपाध्यक्ष कन्हैया यादव ने कहा भाजपा ने सिर्फ नफरत बोया है। किसानों को ठगा है। जिसे अन्नदाता कहकर देश की 140 करोड़ जनता सम्मान करती है उसे आतंकी कहा, एमएसपी की मांग कर रहे किसानों की राह में कील कांटे बिछाये, ये सारी बातें किसानों को भलीभांति याद है। 2027 में किसान कांग्रेस को सत्ता में वापसी कराकर ही दम लेंगे। ऐतिहासिक स्वागत से अभिभूत रामभवन शुक्ल ने कहा किसान हितों की लड़ाई पूरी दमदारी से लड़ी जायेगी। नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरेंगे और पार्टी को सत्ता मे वापसी कराने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही।

डा. आलोक रंजन वर्मा, एवं प्रशान्त पाण्डेय ने कहा किसान कांग्रेस की मजबूती पार्टी की सत्ता में वापसी का मार्ग प्रशस्त करेगी। आगामी चुनाव में किसानों की सक्रियता निर्णायक होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेन्द्र श्रीवास्तव, नर्वदेश्वर शुक्ल, परमात्मा प्रसाद चक्रवर्ती, मुरारी राय आजमगढ़, विनीत सिंह महराजगंज, डीएन शास्त्री, अनिल कुमार भारती, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, बाबबूराम सिंह, शकुन्तला देवी, डा. शीला शर्मा, हरिसेवक त्रिपाठी गोरखपुर, बद्री प्रसाद दूबे देवरिया, श्यामनारायण त्रिपाठी कुशीनगर, अनवर जकी, सोनू यादव, प्रमोद पाण्डेय, मदनलाल मद्धेशिया, भूमिधर गुप्ता, रामबचन भारती, अजय शुक्ल, सुरेन्द्र मिश्रा, देवानंद पाण्डेय, अमित प्रताप गंगा प्रसाद मिश्रा, मीरा सिंह, दिलीप चन्द्रप्रकाश पाण्डेय गोरखपुर, अमरबहादुर शुक्ल, देवी प्रसाद, संजय तिवारी आजमगढ़, मो. सिद्धीक, सुबाष शुक्ल, रामचन्द्र, राकेश यादव, अतीउल्लाह सिद्धीकी, डा. मारूफ अली, कुंवर जितेन्द्र सिंह, गिरजेश पाल, आशुतोष पाण्डेय, नफीस अहमद, सुबुही निकहत, प्रदीप कुमार, सर्वेश , रूद्रपताप , हरिकेश मौर्या, रामशेष यादव, शत्रुघ्न, शर्वेन्दु यादव, शरद यादव आदि मौजूद रहे।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 14 जुलाई 2025 सोमवार

## सम्पादकीय

### हादसों के पुल और तंत्र

गुजरात, महाराष्ट्र हो या बिहार, देश के कई हिस्सों से आये दिन पुल गिरने, मौतों की खबरे आती ही रहती है। हर पुल के गिर जाने के बाद उसे भुला देने की आदत सी हो गयी है। विसंगति यह कि इंजीनियर, ठेकेदार, जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों पर कार्रवाई तक नहीं होती। सच तो ये है कि पुल कमाई का साधन हो गया है। भ्रष्टाचार के पुल जानलेवा होते जा रहे हैं। अच्छा हो कि विभाग, ठेकेदारों की जबाबदेही तय हो।

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि वैसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए सभी स्तर पर हरसंभव उपाय किए जाएं। मगर ऐसा लगता है कि बार—बार के हादसों के बावजूद सरकारी तंत्र के लिए इस पर गौर करना कोई जरूरी काम नहीं है और उसकी नींद तभी खुलती है, जब किसी बड़े हादसे से लोगों के बीच उपजा आक्रोश तूल पकड़ने लगता है। गुजरात के वडोदरा में एक पुल ढह जाने और उससे हुए जानमाल के नुकसान की घटना सरकारी तंत्र की इसी व्यापक लापरवाही और संवेदनहीनता का सबूत है।

गौरतलब है कि वडोदरा में आणंद और पादरा को जोड़ने वाले व्यस्त पुल का एक हिस्सा अचानक ढह गया। इसकी चपेट में कई वाहन आए और टूटते पुल से महिसागर नदी में गिर गए। खबरों के मुताबिक, इसमें कम से कम सोलह लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हुए।

इस घटना को भी किसी आम हादसे की तरह देखा जाएगा, मरने और घायल होने वालों के लिए मुआवजे की घोषणा और जांच का आश्वासन जारी कर दिया जाएगा। मगर आमतौर पर ऐसी घोषणाओं के बाद सरकारी रवैया कुछ ही दिन में फिर अपने पुराने ढर्रे पर लौट जाता है और शायद किसी अगले हादसे का इंतजार किया जाने लगता है। यह समझना मुश्किल है कि जिस पुल के जर्जर होने और कभी भी हादसे का शिकार होने की आशंका से जुड़ी खबरें आ चुकी थीं, उस पर यातायात को रोकने और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की गई।

यह बेवजह नहीं है कि अब ऐसे सवाल तीखे रूप में उठाए जा रहे हैं कि गुजरात में इस तरह के खराब गुणवत्ता वाले जानलेवा पुल के बनने और भरभरा कर ढहने का सिरा सरकार के किन—किन महकमों और उसके कर्ता—धर्ता से जुड़ा है और इसके जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती। जिस राज्य के विकास को देश भर में उदाहरण के रूप में पेश किया जाता है, वहां सिर्फ चालीस साल पहले बना पुल इस हालत में पहुंच जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन है? क्या ऐसे लोगों की पड़ताल कर उन्हें कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा?

दरअसल, वडोदरा में पुल गिरने की घटना देश भर में ऐसे हादसों की महज एक कड़ी है। इससे पहले अक्तूबर, 2022 में गुजरात के ही मोरबी शहर में मच्छू नदी पर बना एक पुल नदी में गिर गया था, जिसमें एक सौ पैंतीस लोगों की जान चली गई थी। तब यह खबर आई थी कि सरकार ने सभी पुलों को मजबूती से जांचने और रखरखाव पुख्ता करने का दावा किया है। मगर पुल ढहने की ताजा घटना से सरकारी दावों की हकीकत एक बार फिर सामने आई है। आमतौर पर किसी भी पुल के बनने के वक्त ही उसकी कुल आयु और रखरखाव के बारे में बता दिया जाता है।

अगर कोई पुल किन्हीं वजहों से जोखिम की हालत में होता है तो उसे बंद कर दिया जाता है। ठोस तरीके से उसकी मरम्मत की जाती है या फिर उसका पुनर्निर्माण किया जाता है। विडंबना यह है कि वडोदरा के जर्जर पुल के जोखिम की आशंका जताए जाने के बावजूद कोई सावधानी नहीं बरती गई। अब सरकार को यह बताने की जरूरत है कि अगर आशंकाओं की जानबूझ कर अनदेखी नहीं की गई तो पुल की हालत के प्रति व्यापक लापरवाही की जवाबदेही किसकी है और कम से कम भविष्य में पुलों को सुरक्षित बनाने को लेकर धरातल पर क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे!

# जनसंख्या असंतुलन और सामाजिक, सांस्कृतिक प्रभाव

—नीरज कुमार दुबे—



अक्सर कहा जाता है कि भारत में मुस्लिमों की जनसंख्या में तेज वृद्धि हो रही है लेकिन अब जो आंकड़े सामने आये हैं वह दर्शा रहे हैं कि पूरी दुनिया में मुस्लिम आबादी में सबसे तेज वृद्धि हो रही है। आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि अगर यही रुझान जारी रहे तो 2050 तक मुस्लिम और ईसाई आबादी लगभग बराबर हो सकती है और 2070 के बाद मुस्लिम जनसंख्या ईसाइयों से आगे निकल सकती है। यह परिवर्तन न केवल सांख्यिकीय रूप से बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टि से भी पूरे विश्व को प्रभावित करेगा।

हम आपको बता दें कि प्यू रिसर्च सेंटर की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट ŽHow the Global Religious Landscape Changed From 2010 जव 2020" ने वैश्विक धार्मिक जनसांख्यिकी में हो रहे व्यापक परिवर्तनों की तस्वीर सामने रखी है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला धार्मिक समुदाय मुस्लिम समुदाय है। रिपोर्ट के मुताबिक 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या में हुई वृद्धि ने अन्य सभी धर्मों को पीछे छोड़ दिया है।

रिपोर्ट कहती है कि 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या 347 मिलियन (34.7 करोड़) बढ़ी, जोकि अन्य सभी धर्मों की सम्मिलित वृद्धि से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक मुस्लिम जनसंख्या का प्रतिशत 23.9: से बढ़कर 25.6: हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से युवा आबादी और उच्च प्रजनन दर के कारण हुई। रिपोर्ट कहती है कि 2010 में ईसाई वैश्विक आबादी का 30.6: थे, जो 2020 में घटकर 28.8: रह गए। इस गिरावट का मुख्य कारण था धार्मिक त्याग, जिसमें खासतौर पर लोग पश्चिमी देशों में ईसाई धर्म को छोड़ रहे हैं।

वहीं रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक हिंदू आबादी लगभग 1.2 अरब हो गई है (2010 में 1.1 अरब थी), यानी 12: की वृद्धि हुई है। हालांकि हिंदुओं का वैश्विक प्रतिशत 15: से मामूली घटकर 14.9: हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं की प्रजनन दर वैश्विक औसत के अनुरूप है और धर्मांतरण की दर भी बहुत कम है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020 तक दुनिया के 95: हिंदू भारत में रहते हैं।

इसके अलावा, 'नो—रिलिजन' वर्ग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। धार्मिक रूप से असंलग्न लोगों की संख्या 270 मिलियन बढ़कर 1.9 अरब हो गई है और इनका वैश्विक हिस्सा 23.3: से बढ़कर 24.2: हो गया है। वहीं प्रमुख धर्मों में केवल बौद्ध धर्म की आबादी 2010 की तुलना में 2020 में कम रही। 2010 में बौद्ध वैश्विक जनसंख्या का 4.9: थे, पर 2020 में यह घट गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हिंदुओं की आबादी 2010 के 80: से घटकर 2020 में 79: हो गई है। वहीं भारत में मुस्लिम आबादी 2010 के 14.3: से बढ़कर 2020 में 15.2: हो गई है। यह वृद्धि भी मुख्य रूप से प्रजनन दर और युवा जनसंख्या के कारण है, न कि धर्मांतरण से। हालांकि भारत में मुस्लिमों की यह वृद्धि अन्य दक्षिण एशियाई देशों जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश की तुलना में धीमी है, पर फिर भी यह एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय परिवर्तन है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 में दुनिया की कुल मुस्लिम आबादी में से 35: मुसलमान 15 वर्ष से कम आयु के थे। उल्लेखनीय है कि इतनी युवा जनसंख्या होने के कारण जन्म दर अधिक बनी रहती है, जिससे आबादी तेजी से बढ़ती है। साथ ही मुस्लिम महिलाओं की औसत प्रजनन दर अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में अधिक है। इससे मुस्लिम जनसंख्या की प्राकृतिक विकास दर भी अधिक होती है। साथ ही, रिपोर्ट कहती है कि मुस्लिमों में धर्म छोड़ने वालों की संख्या और अन्य धर्मों से इस्लाम अपनाने वालों की संख्या लगभग बराबर है। यानी धार्मिक स्विचिंग का असर नगण्य है, जिससे शुद्ध जनसंख्या वृद्धि केवल जन्म के कारण होती है। इसके अलावा, रिपोर्ट के मुताबिक केवल 1: वयस्क ही अपने जन्मजात धर्म से अलग होकर अन्य धर्म अपनाते हैं, विशेष रूप से हिंदू और मुसलमान, इन दोनों समुदायों में धर्म—परिवर्तन की दर अत्यंत कम है।

बहरहाल, च्मू त्मेमंतबी की यह रिपोर्ट दर्शाती है कि आने वाले दशकों में विश्व की धार्मिक जनसंख्या संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं क्योंकि मुस्लिम आबादी में तेज वृद्धि जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा, ईसाई समुदाय के समक्ष चुनौतियाँ बढ़ेंगी, खासकर यूरोप और अमेरिका में। रिपोर्ट के मुताबिक हिंदू समुदाय वैश्विक रूप से स्थिर रहेगा, परंतु भारत के भीतर उसके अनुपात में धीरे—धीरे गिरावट संभव है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह रिपोर्ट न केवल जनसांख्यिकी विश्लेषण, बल्कि नीति—निर्धारण, शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक सहिष्णुता के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# कांवड़ यात्रा की आस्था

—प्रदीप कुमार वर्मा—

मन में भगवान भोलेनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा। जुबान पर बम बम भोले का जय घोष। कंधों पर पवित्र गंगाजल से भरी कावड़। और गंगाजल को शिव मंदिर में चढ़ाने का जुनून। सावन के महीने में पवित्र कावड़ यात्रा का यही नजारा इन दिनों दिखाई पड़ रहा है। आदि देव महादेव की आराधना का पर्व कहे जाने वाले सावन के महीने में गंग तीर्थ से कावड़ लाकर शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करने की परंपरा काफी प्राचीन है। कावड़ यात्रा का शुभारंभ सावन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। इस साल देश में कावड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू जो रही है। इस साल सावन मास में कुल चार सोमवार पड़ेंगे। कांवड़ यात्रा सावन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होकर कृष्ण चतुर्दशी तक यानि सावन की शिवरात्रि तक चलती है। कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि होती है, इसलिए कृष्ण पक्ष को भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए अच्छा माना जाता है।



ऐसी पौराणिक मान्यता है कि जब समुद्र मंथन के दौरान विषपान करने से भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया था, तब उसके प्रभाव को कम करने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। इसी तरह आज भी शिवलिंग पर जलाभिषेक से प्रसन्न होकर भोलेनाथ भक्ध्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कावड़ यात्रा शिव की असीम भक्ति का प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान कावड़िए पैदल चलकर पवित्र तीर्थस्थानों से गंगाजल लेकर आते हैं और उससे शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। कावड़ के प्रकार की बात करें तो वर्तमान में चार प्रकार की कावड़ प्रचलन में है जिनमें साधारण, डाक, खड़ी, और झूला कांवड़ शामिल हैं। पवित्र कावड़ यात्रा के संबंध में एक प्राचीन मत यह भी है कि त्रेतायुग में श्रवण कुमार ने कांवड़ यात्रा की नींव रखी थी। कथा के अनुसार अपने अंधे माता—पिता की तीर्थ यात्रा की इच्छा पूरी करने के लिए उन्होंने उन्हें कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार लाया और गंगा स्नान कराया।

लौटते समय वे साथ में गंगाजल भी ले गए, जिससे यह परंपरा शुरू हुई। वैसे तो भारत मे कावड़ यात्रा में कई प्रमुख रास्ते शामिल हैं। लेकिन हरिद्वार, गौमुख और गंगोत्री इसके मुख्य शुरूआती स्थल माने जाते हैं। भक्त यहां से पवित्र गंगा जल लेकर अलग—अलग शिव मंदिरों की ओर रवाना होते हैं। हरिद्वार वाला रास्ता सबसे लोकप्रिय है, जिसमें श्रद्धालु हरिद्वार से ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर या उत्तर प्रदेश के बागपत में स्थित पूरा महादेव मंदिर तक यात्रा करते हैं। कुछ भक्त गौमुख जाकर वहां से गंगाजल लेते हैं और फिर अपनी पसंद के शिव मंदिर तक यात्रा करते हैं। गंगोत्री भी एक पवित्र स्थान है, जहां से भक्त गंगाजल लेकर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर या झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम तक पहुंचते हैं। इसी तरह, देश में कई जगहें हैं जहां से लोग गंगाजल लेकर अपने—अपने शिव मंदिरों तक जाते हैं और वहां शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजा करते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कांवड़ यात्रा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। कहा तो यह भी जाता है कि इस यात्रा से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कुछ मान्यताओं के अनुसार, इससे अश्वमेघ यज्ञ के समान फल मिलता है। मान्यता यह भी है कि जो भक्त पूरी श्रद्धा, नियम और संयम से यह यात्रा करते हैं, उन्हें जीवन में सुख—समृद्धि प्राप्त होती है। गंग तीर्थ से पवित्र गंगाजल लाकर अपने इलाके के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने की यह प्राचीन परंपरा सर्वाधिक रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा तथा बिहार और पश्चिम बंगाल में है। सावन के महीने में इन दोनों कावड़ यात्रा के चलते काफी रौनक देखने को मिलती है बता भगवान भोलेनाथ के भक्ति कावड़ चढ़कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इसके अलावा कई भक्त विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए भी कावड़ यात्रा करते हैं।

उधर, सावन का महीना आते ही श्रद्धा, विश्वास और आस्था का प्रतीक मानी जाने वाली कावड यात्रा पर राजनीति शुरू हो जाती है। पिछले पांच सालों से यात्रा हर बार किसी न किसी विवाद के कारण सुर्खियों में रही है। फिर चाहे वह कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा हो, कांवड़ की ऊंचाई को लेकर नियम हो, या फिर कांवड़ मार्ग पर होटलों और दुकानों के मालिकों की पहचान की अनिवार्यता संबंधी सरकारी फरमान। इस बार भी उत्तर प्रदेश की योगी तथा उत्तराखंड की धामी सरकार ने कावड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा सुगमता के साथ—साथ कावड़ यात्रियों की आस्था और धार्मिक मान्यताओं के चलते कावड़ यात्रा पर पड़ने वाले मार्ग पर स्थित दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पीछे सरकार की मंशा यह है कि कावड़ यात्रियों के लिए शुद्ध एवं पवित्र भोजन तथा जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

इसके उलट विपक्ष इसे हिंदू—मुसलमान में बांटने की कोशिश बता रहा है। कावड़ जल चढ़ाने के सबसे शुभ दिनों की बात करें तो सावन सोमवार, सावन प्रदोष व्रत और सावन शिवरात्रि का दिन जल चढ़ाने के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। वैसे ज्यादातर श्रद्धालु सावन शिवरात्रि के दिन कावड़ जल शिवलिंग को अर्पित करते हैं। धार्मिक उत्सव के साथ—साथ पवित्र कावड़ यात्रा बीते सालों में विवाद का कारण बनी है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कावड़ियों के लिए जहां ऐतिहासिक इंतजाम किए हैं वहीं, विपक्ष से एक धर्म विशेष को खुश करने की कोशिश बता रहा है। पूर्व की भांति ही इस बार कावड़ यात्रा के मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों पर दुकानदारों तथा उस पर काम करने वाले लोगों को नाम और पते लिखना अनिवार्य किया गया है। जिसको लेकर भी सियासी खिंचतान देखनो को मिल रही है। कावड़ यात्रा पर हुए विवाद के इतिहास पर गौर करें तो वर्ष 2022 में मांस और शराब की बिक्री पर प्रतिबंध को लेकर विवाद हुआ।

विपक्ष ने इसे धार्मिक आधार पर भेदभाव बताया, जबकि सरकार ने इसे कांवड़ियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने का कदम करार दिया। इससे एक साल पूर्व वर्ष 2023 में कांवड़ियों पर हेलकॉप्टर से पुष्पवर्षा और यात्रा मार्गों पर विशेष सुविधाओं को लेकर सवाल उठे थे। बीते साल 2024 में कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों के लिए नेमप्लेट अनिवार्य करने का आदेश सबसे बड़ा विवाद बना। मुजफ्फरनगर में शुरू हुआ यह नियम पूरे प्रदेश में लागू किया गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे निजता के अधिकार का उल्लंघन मानते हुए अंतरिम रोक लगा दी थी। वर्ष 2025 में भी नेमप्लेट विवाद ने फिर से जोर पकड़ा है। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों के लिए नाम और लाइसेंस प्रदर्शित करने का नियम बनाया, जिसे विपक्ष ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है। लेकिन इस सब को भुला कर भगवान भोलेनाथ के भक्त अपने कंधों पर कावड़ लेकर उन्हें मनाने के लिए अपने गंतव्य और शिवालयों की ओर निकल पड़े हैं।

# बीच बहस में मराठी, हिन्दी विवाद

—अजय जैन 'विकल्प'—

अपनी स्थापना से ही भारत विविधताओं का देश बना हुआ है और भाषा इसकी सबसे खूबसूरत विशेषताओं में से एक है। इसलिए यहाँ अनेकता के बावजूद एकता है, चाहे फिर कोई भी मुद्दा हो, यानी कभी अपने को श्रेष्ठ बताकर किसी अन्य को बुरा नहीं कहा गया, किन्तु इस देश के राज्य महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में फिलहाल यही बुरा देखा जा रहा है, जो अनुचित है और देश की भाषाई एकता के लिए घातक भी है।





मुम्बई न केवल आर्थिक राजधानी है, बल्कि भाषाओं, संस्कृतियों और समुदायों का संगम स्थल भी है। इस महानगर में मराठी का बोलबाला होना स्वाभाविक है, यह इस मिट्टी की आत्मा है, लेकिन आज एक चिंताजनक प्रवृत्ति उभर रही हैरूहिन्दी के प्रति अघोषित घृणा दिख रही है, जिसके पीछे असहिष्णुता, राजनीतिक विद्वेष एवं स्वयं को सर्वश्रेष्ठ बताने की अजीब मानसिकता है। मराठी को सम्मान देने में किसी को भी कोई आपत्ति नहीं हो सकती है। आपत्ति तब होती है, जब इस सम्मान के नाम पर हिन्दी को हाशिए पर धकेला जाता है, हिन्दी भाषियों को 'बाहरी' करार दिया जाता है, और उनके साथ दुर्व्यवहार होता है। यह केवल भाषाई टकराव नहीं, एक गहरी राजनीतिक साजिश है, जिसे समझना, उजागर करना और विरोध करते हुए हिन्दी के लिए खड़े रहना बहुत आवश्यक है। यह समझना होगा कि मराठी स्वाभिमान की भाषा है, लेकिन हिन्दी के प्रति संकीर्णता सही नहीं है। मराठी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि सभ्यता, इतिहास और गौरव है। छत्रपति शिवाजी महाराज, संत तुकाराम, लोकमान्य तिलक और बाल गंगाधर तिलक आदि महापुरुषों ने मराठी को जनचेतना और क्रांति का माध्यम बनाया, तो कैद में रहते हुए भी राष्ट्रीय एकता के लिए वीर विनायक सावरकर ने हिन्दी कविताएं रचीं एवं हिन्दी सिखाई। आज भी महाराष्ट्र में मराठी साहित्य, नाटक, संगीत और संस्कृति की धारा बह रही है।

मराठी बोलना, मराठी में गर्व करना, उस विरासत को आगे बढ़ाना हर मराठीभाषी का हक और कर्तव्य है मगर जब यह गर्व दूसरों की भाषा के प्रति घृणा में बदल जाता है, तो यह स्वाभिमान नहीं, संकीर्णता बन जाता है।

सबको समझना पड़ेगा कि हिन्दी एकता का सेतु और मुम्बई का मौन आधार है। हिन्दी भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जो उत्तर भारत से लेकर भारत के कोने—कोने तक संवाद का माध्यम है। मुम्बई जैसे महानगर में हिन्दी केवल उत्तर भारतीयों की नहीं, बल्कि लाखों मराठी, गुजराती, बिहारी, तमिल, मलयाली और बंगालियों के भी दैनिक संवाद की भाषा बनी हुई है।

मुम्बई यानी बॉलीवुड सहित रेडियो, टेलीविजन, विज्ञापन, सेवा क्षेत्र और मीडिया के अधिकतर प्रमुख उद्योग हिन्दी के दम पर खड़े हैं। यही नहीं, लाखों मेहनतकश मजदूर, वाहन चालक, नौकर, घरेलू कामगार, उद्घोषक, पत्रकार और कलाकार भी हिन्दी के माध्यम से ही रोजी—रोटी व पहचान प्राप्त करते हैं, तो बड़ा सवाल है कि इस हिन्दी से इतनी घृणा क्यों, मारपीट क्यों, प्रदर्शन क्यों३?

स्थानीय राजनीतिक कारण देखें तो पता चलता है कि 'मराठी बनाम हिन्दी' की कृत्रिम खाई बनाई गई है, क्योंकि उसी से तो सत्ता प्राप्ति का मार्ग मिलेगा। भाषा का यह संघर्ष अचानक नहीं पनपा है, बल्कि यह कुछ राजनीतिक दलों और संगठनों की योजनाबद्ध रणनीति का परिणाम है। 'मराठी मानुस' के नारे के पीछे वर्षों से एक 'अपराधा—बोध' और 'भय' को बोया गया, कि हिन्दी भाषी मुम्बई को 'हड़प' रहे हैं, जबकि सत्यता इससे अलग है और धरातल पर ऐसा कुछ भी नहीं है। हिन्दी बोलने वाला अपना काम कर रहा है, तो मराठी एवं अन्य भाषा बोलने वाला अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, इनमें कोई झगड़ा नहीं है। राज्य और मुम्बई को निगलने के ऐसे विचार न केवल झूठे हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा हैं, क्योंकि मुम्बई की आत्मा में तो हिन्दी हमेशा रही है। १९५० के दशक में भी जब बम्बई राज्य बना था, तब भी हिन्दीभाषी इसके विकास में बराबरी से सहभागी थे।

हिन्दी को 'बाहरी भाषा' कहने वाले यह भूल जाते हैं कि संविधान में यह राजभाषा घोषित है और इसे पूरे भारत में समान सम्मान प्राप्त है। ऐसा भी लगता है कि असल डर हिन्दी से नहीं, बल्कि उस जनसांख्यिकी बदलाव से है, जो उत्तर भारत से आए श्रमिकों और युवाओं के कारण मुम्बई में हो रहा है। बेरोजगारी, शिक्षा में गिरावट और स्थानीय युवाओं को नौकरियों नहीं मिलने का दोष भी हिन्दी भाषियों पर डाल देना आसान बहाना बन गया है, लेकिन इसका उचित समाधान खोजने की अपेक्षा हिन्दी को रोककर गुंडागर्दी करना कहाँ से सही हो गया है ? क्या हिन्दी भाषियों को निकाल देने से, हिन्दी नहीं बोलने देने से, राजनीति करने से एवं सिर्फ मराठी की जिद लगाने से युवाओं को रोजगार मिल जाएगा ? राज्य तरक्की कर लेगा, हिन्दी और मराठी का स्नेह बना रहेगा ?

उत्तर साफ है—नहीं, क्योंकि विकास की कुंजी भाषाओं को सीमित करने में नहीं, बल्कि उन्हें सर्वव्यापी व समावेशी बनाने में है। राजनीति के चक्कर में यह भूलना घातक है कि हिन्दी को अपमानित करना आसान है। वास्तव में यह संविधान का अपमान है, क्योंकि संविधान की धारा ३४३ हिन्दी को राजभाषा घोषित करती है। अनुच्छेद १९ हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, तो कोई भी राज्य, नगर या संस्था किसी भाषा विशेष को किसी को बोलने से कैसे रोक सकता है। मुम्बई में हिन्दी बोलने वाले पर तंज कसना, दुकानों के बोर्ड बदलवाना या हिन्दी में सेवा देने से इनकार करना सीधे तौर पर संविधान का सीधा उल्लंघन यानी राष्ट्रद्रोह है।

मुम्बई में हिन्दी का विरोध करने वालों एवं भाषा के बँटवारे पर मौन रहने वालों को भाषाई सौहार्द के उदाहरण दक्षिण भारत से सीख लेनी चाहिए। तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों ने अपनी भाषाओं को मजबूत किया, लेकिन कभी हिन्दी को दुश्मन नहीं बनाया। बेंगलुरु जैसे शहर में भी कन्नड़ प्रमुख है, लेकिन हिन्दी स्वीकार है। वहाँ के लोग हिन्दी सीखते हैं, सिखाते हैं और साथ रहते हैं।

मुम्बई, जो देश का सबसे बड़ा समावेशी शहर कहलाता है, वहाँ से हिन्दी फिल्म और टी.वी. उद्योग निकाल दिया जाए, तो कल्पना करें कि क्या बचेगा ? अगर हिन्दी बोलने वाला अपने ही देश में पराया महसूस करे, तो यह केवल शर्मनाक नहीं, बड़ा जहर है।

सबको इस बात को महसूस करना होगा कि भाषाई टकराव से कुछ नहीं सधेगा। मराठी और हिन्दी दोनों समृद्ध भाषाएं हैं। दोनों में साहित्य, संस्कृति, ज्ञान और इतिहास की गहराइयाँ हैं। इसलिए कुछ सकारात्मक कदम एवं उदारता लेकर विद्यालयों में मराठी और हिन्दी दोनों को सम्मानजनक स्थान दिया जाए। सार्वजनिक बोर्डों में मराठी प्रमुख हो, लेकिन हिन्दी को न हटाया जाए। सरकार ऐसे कार्यक्रम चलाए, जो भाषाई सौहार्द को बढ़ावा दें। यानी नेता 'वोट बैंक' के लिए भाषा को हथियार न बनाएं।

राजनीति से पनपाए गए इस विवाद का समाधान बनाम निष्कर्ष यही है कि मुम्बई की आत्मा मराठी और हिन्दी का संगम है, यानी मुम्बई केवल मराठी या हिन्दी की नहीं, बल्कि पूरे भारत की है। जैसे कश्मीर भारत का स्वर्ग है, ऐसे ही महाराष्ट्र और मुम्बई का असली सौंदर्य विविधता—अनेकता में है। हिन्दी से घृणा करके हम न तो मराठी को मजबूत कर सकते हैं, न मुम्बई को।

मराठी और हिन्दी २ भाषाएं नहीं, २ आत्माएं हैं—जिन्हें जोड़कर ही भारत एकता और शक्ति की मिसाल बनेगा। कारण कि किसी भी भाषा से प्रेम करना अच्छी बात है, लेकिन किसी भाषा से घृणा करना अपने ही देश और उसके नियम—कायदों से घृणा करने जैसा है।

